शुक्रवार
28 मार्च 2025, बरेली

# हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

PAGE NO. 06, MIDDLE LEFT



एसआरएमएस सीईटी में तीन दिवसीय हैकाथॉन 3.0 का गुरुवार को आगाज हुआ।

# हैकाथॉनः 157 प्रतिभागियों की 43 टीमों ने लिया हिस्सा

बरेली, मुख्य संवाददाता। एसआरएमएस सीईटी में तीन दिवसीय हैकाथॉन का गुरुवार को शुभारंभ हुआ। इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु और तेलंगाना के विभिन्न इंजीनियरिंग कॉलेजों के 157 प्रतिभागियों की 43 टीमें शामिल हुई।

इन प्रतिभागियों ने प्रौद्योगिकी का उपयोग कर सुरक्षित दुनिया के लिए स्मार्ट सोल्यूशन थीम पर अपने प्रस्तावित समाधानों के लिए प्रोटोटाइप और मॉडल पर काम शुरू कर दिया है। यह लोग अपने प्रोजेक्ट अंतिम दिन शनिवार को शिक्षाविदों और नवप्रवर्तकों सहित निर्णायकों के पैनल के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। इनमें से हैकाथॉन 3.0 के बिजेता का चुनाव किया जाएगा, जिसे एक लाख रुपये तक का नकद पुरस्कार जीतने का मौका मिलेगा। इससे पहले एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक देव मूर्ति ने फीता काटकर हैकाथॉन 3.0 का उद्घाटन किया। श्री बंसी गौ धाम काशीपुर के संस्थापक नीरज चौधरी ने अपने स्टार्टअप के अनुभवों को साझा किया। इवेंट डायरेक्टर डॉ. प्रभाकर गुप्ता, ट्रस्ट एडवाइजर इंजीनियर सुभाष मेहरा, डॉ. शैलेश सक्सेना, एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. शैलेंद्र देवा, डॉ. एलएस मौर्य, हैकाथॉन 3.0 के आर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. सत्य देव आदि मौजूद रहे।